दिन– शुक्रवार दिनांक– 06/11/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दीपावली, काली पूजा और छठ महापर्व को लेकर सुरक्षा, स्वच्छता और विधि–व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिये।

02. सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया– ओबीसी आरक्षण में क्रीमीलेयर तय करने का आधार सिर्फ माता–पिता के वेतन को नहीं बनाया जा सकता।

03. पारम्परिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है धनतेरस। बाजारों में खरीदारों की उमड़ी भीड़।

04. और, प्रदेश में पुलिस और अपराधियों के बीच दो अलग–अलग जगहों पर हुई मुठभेड़ में तीन अपराधी मारे गए। एक अपराधी घायल।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दीपावली, काली पूजा और छठ महापर्व को लेकर सुरक्षा, स्वच्छता और विधि–व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों साथ समीक्षा बैठक की। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाइट———

मुख्यमंत्री ने सभी जिलों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, क्विक रिस्पांस टीम गठित कर सक्रिय रखने तथा रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों के आसपास चौबीस घंटे गश्त सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। श्री चौधरी ने छठ घाटों पर सुरक्षा, साफ–सफाई, रोशनी, बैरिकेडिंग और विद्युत सुरक्षा के इंतजाम करने को कहा। साथ ही नदी घाटों पर स्थानीय तैराकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये गए। मुख्यमंत्री ने भ्रामक और फर्जी खबरों पर अधिकतम चार घंटे के भीतर कार्रवाई कर सही जानकारी जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रत्येक स्तर पर क्विक रिस्पांस टीम बनाई जाए। बैठक में पुलिस महानिदेशक प्रीता वर्मा ने बताया कि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए 16 हजार प्रशिक्षु पुलिसकर्मियों, 15 सौ पुलिस प्रशिक्षण केंद्र के कर्मियों, होमगार्ड और रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों की अतिरिक्त तैनाती की गई है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

छठ महापर्व को लेकर प्रदेश में दस से सोलह नवंबर तक विशेष जन–जागरूकता और प्रचार–प्रसार अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में आज उच्चस्तरीय बैठक हुई। बैठक में छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं और बिहार आने वाले लोगों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के

लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक में निर्देश दिया गया कि राज्य के सभी रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों, हवाई अड्डों और पटना मेट्रो में छठ के पारंपरिक गीतों और जागरूकता संबंधी जिंगल्स का प्रसारण किया जाए। सचिवालय स्थित कार्यालयों में प्रतिदिन दोपहर एक से दो बजे तक छठ गीत बजाए जाएंगे। इसके अलावा, राज्य के सभी अठारह सीमावर्ती जिलों के प्रमुख प्रवेश मार्गों पर आकर्षक छठ स्वागत द्वार बनाए जाएंगे।

———————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा है कि राज्य में खाद्य पदार्थों में मिलावट और गुणवत्ता से समझौता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि पिछले तीन महीनों में राज्य के सभी 38 जिलों में 531 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया है। इस दौरान अनियमितता पाए जाने पर दो प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित किए गए, जबकि 15 के खिलाफ अभियोजन की कार्रवाई शुरू की गई है। उन्होंने लोगों से खाद्य पदार्थ खरीदते समय सतर्कता बरतने की अपील की है।

———बाइट———

स्वास्थ्य मंत्री ने स्पष्ट किया कि जनस्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

———————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने ओबीसी आरक्षण के क्रीमीलेयर नियम को लेकर अपने ग्यारह मार्च के फैसले को बरकरार रखा है। इस फैसले में कहा गया था कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों यानी पीएसयू या निजी क्षेत्र में नौकरी करने वाले माता–पिता के वेतन को अकेले ओबीसी क्रीमी लेयर तय करने का आधार नहीं बनाया जा सकता है। न्यायालय ने कहा कि संबंधित अभ्यर्थी ओबीसी की नॉन–क्रीमी लेयर श्रेणी में आते हैं और उन्हें आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। इसके तहत वे नियुक्ति और पद आवंटन के भी हकदार होंगे। न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने केंद्र सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें फैसले को भविष्य से लागू करने की मांग की गई थी। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया

कि सरकार संवैधानिक नियमों के तहत क्रीमी लेयर और आरक्षण के मानदंड तय करने के लिए स्वतंत्र है।

औरंगाबाद जिले में पीएम कुसुम योजना के तहत एक मेगावाट क्षमता वाले सौर ऊर्जा संयंत्र से बिजली उत्पादन शुरू हो गया है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

---रिपोर्ट---

औरंगाबाद जिले के मदनपुर प्रखंड के घटराइन गांव के निकट लगभग साढ़े तीन एकड़ भूमि में सौर ऊर्जा संयंत्र संयंत्र की स्थापना की गई है। इस संयंत्र से उत्पादित बिजली को मदनपुर विद्युत उपकेंद्र के चार फीडरों से जोड़ा गया है। इससे क्षेत्र के लगभग चार सौ 55 कृषि पंपों को लाभ मिलेगा। किसानों को सिंचाई के लिए बेहतर और सस्ती बिजली उपलब्ध कराने के साथ कृषि कार्यों में सुविधा होगी। संयंत्र के निदेशक श्याम जी ने बताया कि सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन शुरू होने से परंपरागत ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम होगी। साथ ही, स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

---श्याम जी---

इस संयंत्र की स्थापना के साथ औरंगाबाद जिला पीएम कुसुम योजना के तहत सौर ऊर्जा उत्पादन की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने वाले जिलों में शामिल हो गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए औरंगाबाद से कमल किशोर।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने अपने कार्यालयों और मीडिया इकाइयों में स्वच्छता, रिकॉर्ड के बेहतर रखरखाव और लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष अभियान के छठे चरण को सफलतापूर्वक पूरा किया। अभियान के दौरान एक लाख 63 हजार 213 किलोग्राम से अधिक कबाड़ का निपटारा किया गया, जिससे 40 हजार 278 वर्ग फुट कार्यालय की जगह खाली हुई।

सीवान की एक अदालत ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद को आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में जमानत दे दी है। वर्ष दो हजार ग्यारह के दरौंदा विधानसभा उपचुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़े मामले में उन्हें जमानत मिली है। लालू प्रसाद मामले की सुनवाई के दौरान सीवान की एमपी–एमएलए अदालत में पेश हुए।

पांच दिवसीय दीपोत्सव आज से शुरू हो गया है। इसके तहत आज धनतेरस का पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। धनतेरस को धन त्रयोदशी और धनवंतरी जयंती के रूप में भी जाना जाता है। इस दिन भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना की जाती है। ऐसी मान्यता है कि आज ही के दिन समुद्र मंथन के दौरान भगवान धन्वंतरी अपने हाथ में अमृत कलश लेकर प्रकट हुये थे। इस दिन सोने–चांदी के आभूषण और बर्तन खरीदने का प्रचलन है। धनतेरस को लेकर राजधानी पटना सहित प्रदेशभर के बाजारों में सुबह से ही विशेष रौनक देखी जा रही है। आभूषण की दुकानों, गाड़ियों के शोरूम और इलेक्ट्रॉनिक्स तथा बर्त्तन की दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोगों को धनतेरस की शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————————

प्रदेश में पुलिस और अपराधियों के बीच दो अलग–अलग जगहों पर हुई मुठभेड़ में तीन अपराधी मारे गए, जबकि एक अपराधी घायल हो गया है। पटना के मनेर में आज तड़के पुलिस के साथ मुठभेड़ में तीन अपराधियों की मौत हो गई। वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा ने बताया कि मनेर के शेरपुर इलाके में वारदात की योजना बना रहे अपराधियों और एसटीएफ तथा जिला पुलिस की टीम के बीच मुठभेड़ हुई।

———बाइट———

वहीं, भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में सारंगपुर मोड़ के पास पुलिस मुठभेड़ में राम कुमार सिंह हत्याकांड का मुख्य शूटर पवन कुमार घायल हो गया। पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित बताया कि उसके दाहिने पैर में गोली लगी है। उसे आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

———बाइट———

गौरतलब है कि पिछले दिन सेवानिवृत्त कस्टम अधिकारी राम कुमार सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में अब तक छह आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

राष्ट्रव्यापी 'विकसित भारत युवा संवाद– अपना वोट जानें' अभियान आज संपन्न हो गया। अभियान के तहत देशभर में 536 युवा संवादों का आयोजन हुआ और इसमें एक लाख से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया। युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय द्वारा 'मेरा युवा भारत' के माध्यम से आयोजित इस अभियान के माध्यम से देश भर के कॉलेजों और शिक्षण संस्थानों में चुनावी जागरूकता पर चर्चाएं आयोजित की गई।

समाज कल्याण मंत्री डॉ. श्वेता गुप्ता ने आज दरभंगा में विभिन्न विभागीय योजनाओं के लाभार्थियों के बीच सहायता राशि का वितरण किया। साथ ही उन्होंने नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र भी सौंपा।

बिहार लोक सेवा आयोग ने 71वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा की मुख्य परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। इस परीक्षा में कुल तीन हजार तीन सौ 92 अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल की है। अभ्यर्थी बीपीएससी डॉट बिहार डॉट जीओवी डॉट इन पर जाकर अपना परिणाम देख सकते हैं।

मौसम विभाग ने कहा है कि प्रदेश में अगले दो से तीन दिनों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा और आसमान मुख्य रूप से साफ रहने की संभावना है। विभाग की ओर जारी पूर्वानुमान के अनुसार, राज्य में अधिकतम तापमान अट्ठाइस से चौंतीस डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सोलह से बाइस डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। इस दौरान सतही हवा की गति पांच से दस किलोमीटर प्रति घंटे रहने की संभावना है। वहीं, विभाग के अनुसार अगले तीन से चार दिन के दौरान राज्य के कुछ स्थानों पर सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाये रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने फिलहाल किसी विशेष मौसमी गतिविधि की चेतावनी जारी नहीं की है।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत कारीगरों और लाभार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से आज सुपौल में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाने को लेकर रोहतास के जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इधर, नवादा के जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने योजना से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए घर–घर संपर्क अभियान चलाने का निर्देश दिया है।

———————————————————————————

अररिया के जिलाधिकारी विनोद दूहन ने आज समाहरणालय परिसर से जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने की पहल के तहत जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

———————————————————————————

राजस्व आ सूचना निदेशालय की टीम ने पूर्वी चंपारण जिले के डुमरिया घाट से एक बस से दस करोड़ रुपये मूल्य के चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दीपावली, काली पूजा और छठ महापर्व को लेकर सुरक्षा, स्वच्छता और विधि–व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिये।

02. सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया– ओबीसी आरक्षण में क्रीमीलेयर तय करने का आधार सिर्फ माता–पिता के वेतन को नहीं बनाया जा सकता।

03. पारम्परिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है धनतेरस। बाजारों में खरीदारों की उमड़ी भीड़।

04. और, प्रदेश में पुलिस और अपराधियों के बीच दो अलग–अलग जगहों पर हुई मुठभेड़ में तीन अपराधी मारे गए। एक अपराधी घायल।

समाप्त